# बिहार सरकार
## सहकारिता विभाग

पत्रांक................................/पटना, दिनांक...........................................
03/सह॰ब॰यो॰(आवंटन)–02/2025

प्रेषक,

**अभय कुमार सिंह,**
सरकार के अपर सचिव।

सेवा में,

**निबंधक,**
सहयोग समितियाँ, बिहार, पटना।

विषयः– **वित्तीय वर्ष 2025–26 में बिहार राज्य सब्जी प्रसंस्करण एवं विपणन योजना अंतर्गत 13 प्रखंड स्तरीय प्राथमिक सब्जी उत्पादक सहकारी समिति (PVCS) में आधारभूत संरचना को विकसित करने हेतु प्रति PVCS रू० 1,14,30,561/–(एक करोड़ चौदह लाख तीस हजार पाँच सौ एकसठ)की दर से कुल राशि रू० 11,14,47,970/– (ग्यारह करोड़ चौदह लाख सैंतालीस हजार नौ सौ सत्तर) मात्र का आवंटन के संबंध में।**

महाशय,

विभागीय स्वीकृत्यादेश ज्ञापांक–82, दिनांक–14.05.2025 के आलोक में वित्तीय वर्ष 2025–26 में राज्य स्कीम मद में निम्नांकित बजट शीर्ष के सामने कॉलम–03 में अंकित राशि का आवंटन दिया जाता हैः–

| क्र॰ सं॰ | बजट शीर्ष | आवंटित राशि (रूपये में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 1. | मांग संख्या–09, मुख्य शीर्ष–2425 सहकारिता, उप मुख्य शीर्ष–00, लघु शीर्ष–108–अन्य सहकारी समितियों को सहायता, उप शीर्ष–0116–सब्जी आधारित सहयोग समितियों को प्रोत्साहन, विपत्र कोड– 09–2425001080116 विस्तृत शीर्ष–31–सहायता अनुदान, विषय शीर्ष–05 सहायक अनुदान परिसम्पतियों के निर्माण | 7,42,98,647/– (सात करोड़ बियालीस लाख अंठानवे हजार छः सौ सैंतालीस) रू० |
| 2. | मांग संख्या–09 अंतर्गत मुख्य शीर्ष–4425–सहकारिता पर पूँजीगत परिव्यय, उप मुख्य शीर्ष–00, लघु शीर्ष–108–अन्य सहकारी समितियों में निवेश, उप शीर्ष–0166–सब्जी आधारित सहयोग समितियों का प्रोत्साहन, विपत्र कोड–09–4425001080166, विस्तृत शीर्ष–54–निवेश, विषय शीर्ष–01–निवेश। | 3,71,49,323/– (तीन करोड़ एकहत्तर लाख उनचास हजार तीन सा तेईस) रू० |
| | **योग** | **11,14,47,970/– (ग्यारह करोड़ चौदह लाख सैंतालीस हजार नौ सौ सत्तर)** |

2 उपर्युक्त आवंटन वित्त विभाग के पत्र सं0–227/वि0, दिनांक–28.03.2025 के अंतर्गत बिहार विनियोग (संख्या–02) अधिनियम, 2025 एवं वित्त विभाग के पत्र संख्या–235/वि0 दिनांक–01.04.2025 के आलोक में दिया जा रहा है। वित्त विभाग के परिपत्र सं0–2561 दिनांक–17.04.1998 में निहित शर्त्तों/अनुदेशों का अनुपालन किया जाना निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी द्वारा आवश्यक होगा।

3. आवंटित राशि का नियमानुसार व्यय करते हुए उक्त का उपयोगिता प्रमाण–पत्र महालेखाकार, बिहार के कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

4. इसमें सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

विश्वासभाजन

ह०/–
**(अभय कुमार सिंह),**
सरकार के अपर सचिव।

ज्ञापांक–................................/पटना, दिनांक–........................................

प्रतिलिपिः– महालेखाकार, बिहार, पटना/कोषागार पदाधिकारी, सचिवालय कोषागार, विकास भवन, पटना को मुहरबंद लिफाफा में सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह०/–
सरकार के अपर सचिव।

ज्ञापांक–07(आ०)/पटना, दिनांक–21/05/2025

प्रतिलिपिः– निकासी एवं वययन पदाधिकारी, कार्यालय निबंधक, स०स०, बिहार, पटना/उप सचिव, सहकारिता विभाग, बिहार, पटना/आंतरिक वित्तीय सलाहकार/विपत्र लिपिक, कार्यालय निबंधक, स०स०, बिहार, पटना (दो मूल प्रतियों में)/विभागीय आई०टी० मैनेजर, सहकारिता विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

21-05-2025

21-05-25

सरकार के अपर सचिव।